**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–06.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

******************

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अमेरीका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर विपक्षी दलों के विरोध के कारण दोपहर साढ़े तीन बजे तक स्थगित कर दी गई है। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी तथा इस मुद्दे पर बहस की मांग की। कांग्रेस इस मुद्दे पर पहले ही स्थगन प्रस्ताव लेकर आई थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह मामला एक बाहरी देश का है। उन्होंने विरोध जता रहे सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने की अपील की।

उधर, राज्यसभा में भी इसी मुद्दे को लेकर विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया। हंगामा जारी रहने के कारण उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही स्थगित कर दी।

******************

संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आज राज्यसभा में चर्चा फिर शुरू हुई। भारतीय जनता पार्टी के देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में कई कदम उठाए हैं, जिनमें कृषि उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करना और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों की समृद्धि शामिल है। चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने कहा कि गरीबों, महिलाओं और किसानों का कल्याण करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने इस साल के बजट में कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित बजट की भी सराहना की। चर्चा जारी है।

******************

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सांसदों ने आज अमरीका से भारतीय नागरिकों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि ये प्रदर्शन अमरीका द्वारा भारतीयों को वापस भेजे जाने के तरीके के विरोध में है। उन्होंने कहा कि अमरीका के पास अपने देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों को वापस भेजने का कानूनी अधिकार है, लेकिन जिस तरह से यह किया गया वह स्वीकार्य नहीं है।

******************

प्रयागराज में आज से जनजातीय युवा कुंभ समागम–2025 शुरू होगा। इसमें झारखंड समेत देश भर से 15 हजार से अधिक आदिवासी भाग लेगें। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि छह दिवसीय उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागी जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेगें।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपनी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ कोलकाता के कालीघाट शक्तिपीठ में पूजा–अर्चना की। उन्होंने झारखंड की उन्नति, शांति और समृद्धि की कामना की।

******************

पलामू की सदर एसडीएम सुलोचना मीना और सीओ अमरदीप बल्होत्रा ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आठ बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किए। जब्त ट्रैक्टरों को सदर थाना सुपुर्द कर गाड़ी मालिकों पर केस दर्ज किया जा रहा है। एसडीएम सुलोचना मीना पहले भी कई बार बालू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर चुकी हैं।

******************

लातेहार जिले के नेतरहाट में झारखंड कला जतरा सोहराई  फेस्टिवल सीजन–2 का आयोजन किया गया। और जानकारी दे रहे हैं ।

*****************

महाकुंभ मेले में आस्था की डुबकी लगाने के लिए सिमडेगा से 90 श्रद्धालुओं का दल प्रयागराज रवाना हुआ। यात्रा की व्यवस्थापक रमेश महतो ने बताया कि दल बनारस भी जाएगा।

*****************

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा नगर निकाय चुनाव में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगा। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता विजय कुमार सिंह ने ओबीसी आरक्षण के ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने बाहरी लोगों को आरक्षण का लाभ देने का विरोध किया।

********